पहल

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल की बैठक में शामिल हुए रेल सांसद

# सांसद की पहल पर छिंदवाड़ा को मिला रेल कोच रेस्टोरेंट

**नवभारत न्यूज,**
**छिंदवाड़ा, 09 सितंबर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सांसदों की नागपुर मंडल की बैठक में छिंदवाड़ा पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री बंटी विवेक साहू शामिल हुए सांसद ने छिंदवाड़ा पांढूर्णा जिले में रेल सुविधाओं के विस्तार और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए नागपुर मंडल की बैठक में विभिन्न सुझाव दिए जिस पर बैठक में सुझाव पर विचार करने और सुविधाए बढ़ाने पर चर्चा हुई।**

बैठक में सांसद ने सुझाव दिए की छिंदवाड़ा चार फाटक में ओवर ब्रिज निर्मित है और पूर्व की भांति चार फाटक भी प्रारंभ है दोनों और जहां से ओवरब्रिज प्रारंभ होता है वहां सिगनल लगाया जाए ताकि नीचे से जाने वालों को चारफाटक बंद होने की सूचना मिल सके और वे ओवरब्रिज का उपयोग कर सकें।



### छिंदवाड़ा से चलने वाली ट्रेन की दूरी कम होगी

सांसद ने बैठक में सुझाव दिया कि नागपुर से जबलपुर की ओर चलने वाली ट्रेनों को छिंदवाड़ा होकर चलाया जाए जिससे 133 किलोमीटर की दूरी कम होगी जबलपुर नागपुर छिंदवाड़ा होकर 410 किलोमीटर है जबकि इटारसी होकर 543 किलोमीटर है यदि जबलपुर से नागपुर जाने वाली कुछ ट्रेन जैसे 22684 छिंदवाड़ा होते हुए नागपुर जाएगी तो 135 किलोमीटर की बचत होगी और यात्रियों का समय और पैसा भी बचेगा ।

### रेलवे स्टेशन में रेल कोच रेस्टोरेंट का आवंटन हुआ

सांसद श्री बंटी विवेक साहू के प्रयासों से रेल यात्रियों एवं आम नागरिकों को खान–पान की सुविधा में आधुनिकरण हेतु रेल परिसर पर वातानुकूलित रेल कोच रेस्टोरेंट का आवंटन हो चुका है। छिंदवाड़ा रेलवे स्टेशन में अब रेलयात्रियों एवं आम लोगों को स्वादिष्ट एवं स्थानीय व्यंजन उपलब्ध होगा। जिसकी जानकारी बैठक में सांसद को दी गई।

### छिंदवाड़ा से गोंदिया ट्रेन चलाई जाए

छिंदवाड़ा से गोंदिया के लिए कोई भी सीधी ट्रेन नहीं होने से यात्रियों को सुविधा नहीं मिल रही छिंदवाड़ा से गोंदिया नई ट्रेन चालू की जाने का सुझाव सांसद ने दिया।

### छिंदवाड़ा से नागपुर डबल ट्रैक किया जाए

सांसद ने छिंदवाड़ा से नागपुर डबल ट्रैक किए जाने का भी सुझाव दिया जिस पर मंडल ने विचार करने के लिए कहा।

### चारफाटक पर नरसिंहपुर मार्ग पर ओवर ब्रिज बने

सांसद ने सुझाव दिया कि छिंदवाड़ा शहर में चार फाटक पर ओवर ब्रिज है जो की छिंदवाड़ा सिवनी, जबलपुर के लिए है, चार फाटक से नरसिंहपुर, सागर मार्ग भी जाता है जिसके लिए लोगों को नीचे से जाना पड़ता है जिसमें चार फाटक बंद होता है और फाटक पर जाम लगता है इसलिए ऊपर से कनेक्ट करते हुए हुए एक ओवरब्रिज नरसिंहपुर के लिए बनाया जाए।

# भाषाई यांत्रिकता रिश्तों में दरार की जिम्मेदार होती है : प्रो.अमर सिंह

## छिंदवाड़ा मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति छिन्दवाड़ा इकाई का वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह

**नवभारत न्यूज,**
**छिंदवाड़ा, 08 सितंबर, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिन्दवाड़ा में म. प्र. राष्ट्रभाषा प्रचार समिति छिन्दवाड़ा इकाई द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह में अध्यक्षीय उद्बोधन में शासकीय महाविद्यालय चांद के शिक्षाविद प्राचार्य प्रो. अमर सिंह ने कहा कि भाषा मानवीय संवेदनाओं को पोषित, पल्लवित और पुष्पित करने की संस्कृति की वाहक होती है।**



इसकी अद्भुत चेतना सामर्थ्य मनुष्यता निर्माण में खपती है, बशर्ते भाषिक शुचिता के धर्म का सम्यक निर्वहन हो। हिन्दी भारत की सकल विश्व में मातृभाषा मां के आंचल में छिपे बच्चे के सुकून सी राहत देती है। मातृभाषा का उद्गम स्थल आत्मा में है। भाषाई यांत्रिकता रिश्तों में बिलगाव की सीधी जिम्मेदार होती है। हिन्दी को पूर्ण रूप से विकसित होने में जितना बड़ा गतिरोध इसके मातृभाषियों ने खड़ा किया और उतना और किसी ने नहीं। अगर अंग्रेजी के प्रभुत्व का आतंक हिन्दी को पनपने के मार्ग में बाधक है तो हिन्दी की संप्रेषणीयता की मिसाइल से इसे ध्वस्त भी तो किया जा सकता है। मुख्य अतिथि सेवानिवृत पर्यवेक्षक वीरेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि आज हिन्दी सकल विश्व में गूगल से अन्तरभाषाई अनुवाद की सुविधा ने वैश्विक संवाद के विकल्प खोल दिए हैं। आज हमारी हिन्दी संपूर्ण विश्व में भारत की ब्रांड एंबेसडर है। हिन्दी भाषा आज के बाजार की जरूरतों के मुताबिक् वैश्विक स्पर्धा में डिजिटल रूप से व्यावहारिक बने बिना खड़ी नहीं किहो सकती है। जब तक हम अंग्रेजी पढ़ रहे बच्चों के मुंह में हिन्दी की आत्मीयता की मिठास नहीं घोलेंगे, तब तक ये नौनिहाल अपने ही परिवेश के कटे हुए न घर के बचेंगे और न घाट के। समिति संयोजिका श्रीमती शैली यादव ने कहा कि हिन्दी भाषा की अस्मिता को इसकी स्थानीय बोलियों की पर्यावरणीय मिट्टी की सौंधी खुशबू को संरक्षित रखकर ही बचाया जा सकता है। हमें अपनी हिन्दी भाषा साहित्य को मां के शोक से, मातृभूमि की निराशा से और मातृभाषा को बोलने वालों की कुंठाओं से पहले बचाना होगा। समिति के अध्यक्ष प्रसिद्ध साहित्यकार गोवर्धन यादव ने कहा कि हिन्दी हिंद की अस्मिता की हृदय एवं प्राणवायु है। मातृभाषा हिन्दी हमारी समूची उन्नति के केंद्र में है, और हमारे हृदय की समस्त पीड़ाओं के निदान भी इसमें सम्मिलित हैं।

# नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली से बताया साक्षरता का महत्व

## विश्व साक्षरता दिवस पर जन अभियान परिषद ने किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**नवभारत न्यूज,**
**छिंदवाड़ा, 08 सितंबर, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा द्वारा विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा में रविवार को सीएमसीएल डीपी कार्यक्रम के अंतर्गत बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों ने जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में एवम परामर्शदाता समाजसेवी विनोद तिवारी, लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, अशीष साहू की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर समाज सेवा में स्नातक एवम स्नातकोत्तर कर रहे स्टूडेंट ने संकल्प लिया की हम सभी अपनी-अपनी प्रयोगशाला ग्रामों में जाकर लोगों को साक्षर करेंगे साथ ही उन सभी को साक्षरता का महत्व समझाएगे यह कार्य हमने विगत वर्षों में भी किया है और इस वर्ष भी हम अपनी प्रयोगशाला ग्राम में ग्राम सर्वांगीण विकास अवधारणा के साथ सब पढ़े सब बढ़े के साथ समाजसेवी कार्य करेंगे।कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त समाजसेवी एवम परामर्शदाता विनोद तिवारी ने साक्षरता के महत्व प्रकाश डालते हुए कहा की आज भी इतने हाईटेक युग में साक्षरता के लिए प्रयास करना पड़ रहा है ।अब पूर्ण रूप से साक्षरता की आवश्यकता और वो कार्य शासन के अलावा समाज के हर वर्ग को आगे आकर सहयोग करना होगा। जो देश शत प्रतिशत साक्षर होगा वो देश उतना प्रगति शील होगा।आइए हम सब मिल कर साक्षरता दिवस पर संकल्पित हो की हमारे समाज में कोई भी निरक्षर रही रहे। एवम अपने देश ,प्रदेश जिले गांव में साक्षरता की अलख जगे।वही पातालकोट जैसे दुर्गम क्षेत्रो रिसर्च कर चुकी शोधकर्ता,परामर्शदाता लता नागले ने जिले में साक्षरता के आंकड़े एवम साक्षरता के क्षेत्र में आदिवासी अंचलों की स्थिति पर प्रकाश डाला।एवम वहा की स्थिति आज भी दयनीय है बताया उसके लिए सभी को प्रयास करने की जरूरत है।

# भाजपा सदस्यता अभियान की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज,**
**मोहखेड़, 08 सितंबर, भाजपा सदस्यता अभियान की समीक्षा को लेकर मोहखेड़ मंडल प्रभारी राहुल मोहोड़ के द्वारा मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्रो में पहुचकर बैठक ली गयी। इस दौरान उन्होंने सदस्यता अभियान प्रगति की समीक्षा की. इस दौरान बैठक में भाजपा मंडल मोहखेड़ अध्यक्ष सदन साहू,जनपद पंचायत मोहखेड़ अध्यक्ष कृष्णा डिगरसे, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गगन घटकड़े बैठक में शामिल हुए।**



दरअसल भाजपा मंडल प्रभारी राहुल मोहोड़ का समेत पदाधिकारी सिललेवानी, तंसरामाल, हिवरावासुदेव, गोरखपुर, सारंगबिहरी, बीसापुरकला, सरोरा और हेटी पहुचकर सदस्यता अभियान प्रगति को लेकर विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान सारंगबिहरी के चमत्कारिक हनुमान मंदिर सारंगबिहरी शक्ति केंद्र की विशेष बैठक रखी गयी.जिसमें सभी बूथ अध्यक्ष,जनप्रतिनिधि और अपेक्षित भाजपा कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान प्रगति को लेकर विशेष चर्चा कर उनकी कठिनाइयों को सुनकर निराकरण किया गया. बैठक में भाजपा वरिष्ठ नेता संपतराव खिरेकर,सीताराम डिगरसे, सुरेश सोनी, किसान मोर्चा मंडल मोहखेड पूर्व अध्यक्ष रूपेंद्र शेरके, लक्ष्मणराव डिगरसे, हरिप्रसाद उइके, यशवंत फरकारे, महेश यादव,मंगलू पटेल,खुशाल देशमुख, रविंद्र साहू,राजू साहू, सुंदरलाल पटेल,जयदेव फरकारे, गणेश फरकारे, राजेंद्र गाकरे, शंकर भादे, राजकुमार सोनी समेत भाजपा पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन 10 को

**मोहखेड़।** मोहोड़ के अंतर्गत समस्त स्कूल एवं आंगनवाडी केन्द्रों पर आज 10 सितम्बर दिन मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों को स्कुल एवं आंगनवाडी केन्द्रों पर ऐलबेण्डाजोल की गोली खिलाई जायेगी। इस अवसर पर 9 सितम्बर दिन सोमवार को विकासखण्ड मोहखेड के समस्त प्रायमरी, मिडिल, हाईस्कूल एवं हायरसेकेण्डरी स्कूल के शिक्षको को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान बीईई सुरेश कुमार टेकाम एवं बीपीएम संदीप वानखेडे द्वारा बताया की ऐनिमिया के कारण बच्चों में कुपोषण कमजोरी सास फूलना, एकाग्रता में कमी, चक्कर एवं बेहोश होना, रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी जैसे लक्षण ही सकते है।

# भारतीय बौद्ध महासभा अध्यक्ष बने सुनील

## प्रदेश सचिव राजेश पाटिल की घोषणा

**नवभारत न्यूज,**
**छिंदवाड़ा, 08 सितंबर, भारतीय बौद्ध महासभा मीरा ताई अंबेडकर की जिला शाखा कार्यकारणी की बैठक का आयोजन सरजू ठवरे भवन प्रियदर्शनी कालोनी में रविवार को हुआ।**



बैठक में प्रमुख अतिथि के रूप में भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश सचिव राजेश पाटिल, ओर छिदवाड़ा जिला अध्यक्ष अशोक शेंड़े की अध्यक्षता में संपन्न हुई है, बैठक के दौरान सर्वसम्मति से जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में भारतीय बौध्द महासभा का गठन करने के साथ ही आगामी समय मे मेधावी छात्र छात्रा सम्मान समारोह ,वरिष्ठ बौद्ध सामाजिक कार्यकर्ता सम्मान एवं बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन किए जाने हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है। बैठक के दौरान भारतीय बौध्द महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी की प्रमुख उपस्थिति में सर्वसम्मति से सुनील वासनिक को छिंदवाड़ा नगर शाखा का अध्यक्ष मनोनित किया गया। इस अवसर पर अनुप अतुलकर ,हरिराम निरापुरे, अतुल वाइकर, बबलू ठवरे, सुनील वासनिक, सरजू लाल ठवरे, गन्नू झरबड़े, शिवलाल तागड़े चौहान, सुरेश सहारे, मीना ठवरे, सुनीता ठवरे, चंचलेश शेंडे के अलावा बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक उपाशिकाएं उपस्थित थे।

# गुरुकुल में विद्यार्थी तेजस्वी शिविर का हुआ समापन

**नवभारत न्यूज,**
**छिंदवाड़ा, 08 सितंबर, संस्कृत पुस्तकोंन्नति सभा एवं श्री शक्ति ट्रस्ट द्वारा संचालित सन्त आशाराम गुरुकुल में चार दिवसीय विद्यार्थी तेजस्वी शिविर का विधिवत समापन किया गया ।**

विद्यार्थी स्वस्थ रहें , प्रसन्न रहें , परीक्षा में अत्यधिक अंक अर्जित करें , देश भक्ति , मातृभूमि एवं सनातन संस्कृति के महत्व से अवगत हों ; इस निमित्त समय - समय पर ऐसे आयोजन सम्पन्न होते हैं । इस शिविर में गुरुकुल के विद्यार्थियों के आलावा जिले भर में संचालित सैकड़ों बाल संस्कार केंद्रों के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे । 4 दिन तक सभी विद्यार्थियों ने योग , ध्यान , प्रणायाम के साथ अच्छे संस्कारों के गुणों को आत्मसात किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रतिष्ठित शिक्षक राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित दिनेश भट्ट , हिंदी प्रचारणी के साहित्य सचिव रंजीत सिंह परिहार , अहमदाबाद आश्रम से आई साध्वी तम्मना परवीन ( मुस्लिम ) और विवेकानंद ज्ञान मंदिर स्कूल उमरानाला के संचालक विशाल चऊत्रे ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया । शिविर में कई ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें प्रथम आये विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। शिविर में हजारों विद्यार्थियों ने लाभ लिया । इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन , साध्वी प्रतिमा बहन , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई , महिला उत्थान आश्रम की संचालिका साध्वी नीलू बहन सहित अन्य उपस्थित थे।

### हेमन्त शंभुदास गोदरे राज्य सफाई कर्मचारी मोर्चा जिला अध्यक्ष नियुक्त

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम कर्मचारियों के रोजगार सामाजिक आर्थिक शैक्षणिक एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण कार्यों को देखते हुए। पूर्व सभापति अभिलाष गौहर की अनुशंसा पर प्रदेशअध्यक्ष प्रताप करोसिया की सहमति से प्रदेश महासचिव डॉ. गोपाल सिंह चौहान ने हेमन्त शंभुदास गोदरे को राज्य सफाई कर्मचारी मोर्चा का छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है, जिससे समाज व कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आकृति जोशी D/o सतीश जोशी निवासी चांदामेटा वार्ड नंबर 14 मेरे आधार कार्ड में पूर्व में मेरा नाम हिंदी में आकृति जोशी एवं अंग्रेजी में AKRATI JOSHI दर्ज हो गई थी। जो कि गलत है। मेरे नाम की सही स्पेलिंग AKRITI JOSHI है जो की सत्य एवं सही है। भविष्य में मुझे आकृति जोशी AKRITI JOSHI के नाम से जाना जाए।

**आकृति जोशी D/o सतीश जोशी, निवासी चांदामेटा वार्ड नंबर 14, तहसील परासिया जिला छिंदवाड़ा**


आयोजन

विधायक निधि से कला मंच बनाये जाने की घोषणा

# डुंगरिया दंगल में पहुंचे चौरई विधायक

**नवभारत न्यूज,**
**चौरई, 08 सितंबर, प्रतिवर्षानुसार ऋषि पंचमी के अवसर पर इस तरह वर्ष भी ग्राम डुंगरिया में आयोजित विशाल दंगल कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें चौरई विधायक चौधरी सुजीतसिंह प्रमुख रूप से पहुँचे। इस दंगल में छिंदवाड़ा जिले के पहलवानों के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों व महाराष्ट्र के भी कई पहलवानों ने कुश्ती की कला का प्रदर्शन किया।**



इस दंगल में 200 रुपये से लेकर 11 हजार रुपये तक शेरे दंगल कुश्ती हुई। शेरे दंगल जबलपुर के सौरभ पहलवान व इंदौर के विजय पहलवान के मध्य हुआ जो कि टाई के रूप में सम्पन्न हुआ दोनों पहलवानों को बराबर पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर विधायक चौधरी सुजीतसिंह ने अपने संबोधन में भी आयोजन की सराहना करते हुये कहा कि इस तरह के आयोजन से खेल प्रतियोगिताओं को बढ़ावा मिलता है जिससे अच्छे खिलाड़ी प्रदेश व देश के अन्य हिस्सों में अपना परचम लहराते है तो कुश्ती के जैसे खेल शरीर को फिट रखने के भी अच्छे होते है। आयोजन समिति की मांग पर विधायक चौधरी सुजीतसिंह ने अपनी विधायक निधि से कला मंच बनवाने की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक चौधरी सुजीतसिंह के साथ तीरथ ठाकुर, बैजू वर्मा, लेखराम पटेल, प्रेमेंद्र साहू, धीरज खण्डेलवाल, अंकित पांडे, आनंद पटेल, सचिन वर्मा, मेहताप पटेल, बंटी रघुवंशी, नूतन व्हटवार, पंकज वर्मा, श्रीपाल वर्मा, आयोजन समिति से रतिराम वर्मा, योगेश सौलंकी, रामजी वर्मा, ललित सौलंकी, फकीरा पटेल, पप्पू वर्मा सहित बड़ी संख्या में दंगल प्रेमी व ग्रामीण उपस्थित थे। चौरई टी आई दिलीप पंचेश्वर ने भी इस मौके पर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया।


### कार्यालय उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

**क्रमांक CWALP 27062416966/ दिनांक / 05/SEP/2024**

क./1467 दिनांक 05/SEP/2024

**म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14 (3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपातंरण की दशा में आपत्तियाँ आमंत्रित करने हेतु**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स --NOOR JAHAN W/O JAHID ALI & SHAHID S/O NYAZAM ALI दवारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है :-

(क) **परियोजना का नामः-** HILL SIDE HOMES

(ख) **अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक):-** पूर्व स्वीकृत ग्राम Dungariya तहसील Chhindwara व जिला Chhindwara की भूमि सर्वे क्रमांक/खसरा क्रमांक 241/1/1/1/2 कुल रकबा 2.632 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOT-PLOTTED HOUSING विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

(ग) **विकास का प्रयोजनः-** RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOT-PLOTTED HOUSING

(घ) **स्वीकृति क्रमांक** CWALP24062458914 दिनांक 2024-06-26

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/Objection.asp&?RefApp=a1o5Ui9wCQ पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौर तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबतद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/uLogin.asp& पर किया जा सकता है।

**उप संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**